## श्योपुर में खूनी संघर्ष — युवक पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला, हालत गंभीर

### मेला ग्राउंड पर जमकर चले चाकू, असलम उर्फ तोता और साथियों पर मामला दर्ज

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 05 जून।** शहर से इस वक्त एक बेहद सनसनीखेज और हैरान कर देने वाली खबर सामने आ रही है। शहर के व्यस्तम इलाके मेला ग्राउंड के पास आपसी रंजिश के चलते एक युवक पर चाकुओं से जानलेवा हमला किया गया है। सरेराह हुए इस हमले से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला।

**आपसी विवाद में लहूलुहान हुआ युवक**

जानकारी के अनुसार, घायल युवक की पहचान लाखन जाटव (उम्र 25 वर्ष) के रूप में हुई है, जो जनता नगर के पापूजी मोहल्ला का निवासी है। बताया जा रहा है कि मेला ग्राउंड के पास लाखन का कुछ लोगों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते यह बहस इतनी बढ़ गई कि आरोपियों ने तैश में आकर लाखन पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में लाखन के शरीर पर कई गहरे जख्म आए हैं, जिससे अत्यधिक खून बह जाने के कारण वह मौके पर ही बेसुध होकर गिर पड़ा।

**घटना का वीडियो आया सामने, पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल :** इस खौफनाक वारदात का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें युवक खून से लथपथ हालत में जमीन पर पड़ा हुआ दिखाई दे रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी सत्यम गुर्जर भारी पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे।

**त्वरित कार्रवाई:** पुलिस ने बिना वक्त गंवाए लहूलुहान युवक को अपनी गाड़ी में बिठाया और तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ डॉक्टरों की देखरेख में उसका इलाज जारी है। फिलहाल युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**जांच में जुटी पुलिस, इलाके में तनाव :** वारदात के बाद से ही घटनास्थल पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। कोतवाली प्रभारी सत्यम गुर्जर ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

**आरोपियों की तलाश:** पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और सामने आए वीडियो के आधार पर आरोपियों की शिनाख्त करने में जुटी है।

**कारणों का खुलासा बाकी:** आपसी झगड़ा किस बात को लेकर हुआ, इसका अभी पूरी तरह खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस परिजनों और चश्मदीदों से पूछताछ कर रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा। इस घटना के बाद से पीड़ित के परिवार में कोहराम मचा हुआ है और स्थानीय लोगों में कानून व्यवस्था को लेकर आक्रोश है।

शहर के हजारेश्वर मेला ग्राउंड के पास हुई सनसनीखेज चाकूबाजी की घटना में कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है।

**शिकायतकर्ता:** घायल लाखन जाटव की पत्नी रेशमा (उम्र 25 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 18 जनता नगर) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

**घटना का विवरण:** 4 जून की रात करीब 9:00 बजे हजारेस्वर मेले के सामने आरा मशीन के पास (पाली रोड) पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी असलम उर्फ तोता और उसके अन्य साथियों ने लाखन जाटव को घेर लिया। आरोपियों ने जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की नियत से लाखन पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

**पुलिस कार्रवाई:** कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सत्यम गुर्जर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 173/26, धारा 109(2), 296(बी), 351(3), 3(5) बीएनएस एक्ट की धारा 3(1) द, 3(1)ध, 3 (2)व्हीए के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 50 हेक्टेयर में बन रहा नगर वन, 10 हजार पौधे रोपे जाएंगे

### नगर वन में लगाए आम, अमरूद, आंवला, जामुन के पौधे

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 05 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज सामान्य वन मण्डल द्वारा पाली रोड पर 50 हेक्टेयर भूमि पर विकसित किये जा रहे नगर वन में पौधरोपण किया। इस अवसर पर वन विकास निगम के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री रामनिवास रावत, सहरिया विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी (सेसईपुरा) भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणू सुजीत गर्ग, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय एवं बृजराज सिंह चौहान, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, सांसद प्रतिनिधि सुजीत गर्ग आदि के द्वारा विभिन्न प्रजातियों के आम, अमरूद, ऑवला, जामुन आदि के पौधे लगाये गयें। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, डीएफओ सामान्य वन मण्डल केएस रंधा, कूनों वन मण्डल आर थिरूकुराल, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, फॉरेस्ट एसडीओ राघवेन्द्र भदौरिया आदि अधिकारियों ने भी पौधरोपण किया गया।





उल्लेखनीय है कि वन विभाग द्वारा शहर के समीप ईको सेंटर पर 50 हेक्टयर में नगरवन बनाया जा रहा है, इसके कार्य की शुरूआत हो गई है तथा आकर्षक प्रवेश द्वार के साथ ही पार्क डवलपमेंट के लिए भूमि का समतलीकरण कर सैलानियों के बैठने के लिए छतरियां बनाई जा रही है। नगरवन में विभिन्न प्रजातियों के लगभग 10 हजार से अधिक पौधे लगाये जायेगे, सैलानियों को आकर्षित करने के लिए नगरवन में चिल्ड्रन पार्क बनाया जायेगा और झूले भी लगाये जायेगे। इसके साथ ही 700 मीटर लम्बा पेबर ब्लॉकयुक्त फुटवॉक भी बनाया जायेगा, इसके अलावा प्राकृतिक कच्चा मार्ग भी घूमने के लिए तैयार किया जा रहा है।

नगरवन में दो छोटे तालाब भी बनाये जाएंगे, जिनके आसपास पेड़-पौधे और घास लगाई जायेगी, जहां सैलानी बैठकर प्रकृति का आनंद ले सकेगे। एक वॉच टावर भी बनाया जा रहा है, जिसके माध्यम से सैलानी दूर तक नगरवन का दृश्य देख सकेंगे, एक योगा प्लेटफार्म भी बनाया जा रहा है, जहां योग की क्रियाएं कर सकेंगे। नगरवन में विभिन्न प्रजातियों के पेडो पर क्यूआर कोड भी लगाया जायेगा, जिसे मोबाइल से स्कैन कर उस पेड के गुण-धर्म और अन्य जानकारियां प्राप्त की जा सकेगी। 50 हेक्टयर का यह नगरवन चारों ओर से कवर्ड रहेगा, इसके लिए बाउन्ड्रीवॉल बनाई जायेगी।

## पर्यावरण संरक्षण में वृक्षों का बहुत महत्व : रावत

### वीर सावरकर स्टेडियम परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 05 जून।** वन विकास के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री रामनिवास रावत ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद श्योपुर द्वारा वीर सावरकर स्टेडियम परिसर में आयोजित पौध रोपण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण में वृक्षों का बहुत महत्व है। इसलिए सभी नागरिक एक पेड़ मॉ के नाम अभियान अंतर्गत पेड़ जरूर लगायें। उन्हौने बताया कि विजयपुर स्थित सिद्ध बाबा पहाड़ी को नगर वन के रूप में विकसित किया जा रहा है।






नमो वन परिसर में आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रेनु सुजीत गर्ग, भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय एवं बृजराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्यगण महावीर सिंह सिसोदिया, रामलखन नापाखेड़ली पूर्व जिलाध्यक्षगण भाजपा सुरेन्द्र जाट, अशोक गर्ग एवं राधे श्याम मीणा, नगरपालिका उपाध्यक्ष संजय महाना, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट जिला पंचायत सदस्य गिरधारी लाल बैरवा, भाजपा किसान मौर्चा जिलाध्यक्ष गौरीशंकर मीणा भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल, सांसद प्रतिनिधि सुजीत गर्ग, राघवेन्द्र सिंह जाट गिर्राज चौधरी, ओम राठोर, मनीष नागौरी, महावीर मित्तल अकरम खांन, श्रीमती नेहा कुलश्रेष्ठ, श्रीमती कल्पना राठोर, नरेन्द्र रावत, महेश राठौर दिनेशराज दुबोलिया, समाज सेवी कैलाश पाराशर, जय सिंह जादौन, गायत्री परिवार के चौथमल शर्मा, पूरणमल जांगिड़, बृजनेश परिहार, ब्रह्माकुमारी मिशन से सुश्री तारा बहन, आर्ट ऑफ लिविंग संस्था से डॉ गायत्री मित्तल, विष्णु जाट, दिव्यांश,,जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह, सीएमओ राधे रमन यादव, उप यंत्री पवन गर्ग सहित भारी संख्या में उपस्थित गणमान्य नागरिकों एवं शहरी आजीविका मिशन की उपस्थित रही तथा सभी के द्वारा पौध रोपण किया गया। इस अवसर पर अशोक, शीशम, करंज, घमेर, कनेर के पौधे लगाए गए।

नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रेनु सुजीत गर्ग ने कहा कि वृक्ष प्रकृति का आधार है और प्रकृति का श्रृगांर है। इससे हमें प्राण वायु ऑक्सीजन मिलती है। इसलिए सभी को पेड़ लगाना चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री भूषण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणा से देश भर में एक पेड़ मॉ के नाम अभियान संचालित किया गया है। सनातन धर्म में भी पेड़ों का धार्मिक महत्व है। पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय ने कहा कि पुराने वृक्षों का संरक्षण करें और नये पेड़ लगायें। यह हमारा दायित्व है। उन्होनें कहा कि हम विभिन्न अवसरों पर पेड़ लगाकर स्मृतियों को सहेज सकते है। पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान ने कहा कि पेड़ लगाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। आने वाली पीढ़ियों के प्रति यह हमारा दायित्व है कि हम बड़ी संख्या पेड़ लगाकर प्रकृति का संरक्षण करें।

इस अवसर पर सभी उपस्थित अतिथियों द्वारा स्टेडियम परिसर स्थित नमो वन में पौध रोपण किया गया। सीएमओं राधेरमण यादव ने सभी मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण किया। समूह की दीदीयों द्वारा पौधों की देखभाल का संकल्प लिया गया है। कार्यक्रम के अंत में आदित्य चौहान ने उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान पर्यावरण हितेषी कार्यकर्ता रामअवतार शर्मा को शॉल पहनाकर सम्मानित किया गया।



## न्यायालय परिसर में किया पौधरोपण

**सबलगढ़, 5 जून।** श्रीमती संगीता मदान प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना के निर्देशानुसार विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजेश जैन प्रथम जिला न्यायाधीश की उपस्थिति में दिनांक 05 जून 2026 को न्यायालय परिसर सबलगढ़ में वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित राजेश जैन प्रथम जिला न्यायाधीश अभिषेक कुमार न्यायिक न्यायाधीश प्रथम श्रेणी श्रीमती प्रीतांजली सिंह न्यायिक न्यायाधीश प्रथम श्रेणी परीक्षत सिंह रावत अध्यक्ष अभिभाषक संघ रघुवीर सिंह धाकड़ उपाध्यक्ष अभिभाषक संघ सहित समस्त अधिवक्तागण एवं न्यायिक कर्मचारीगण के द्वारा न्यायालय परिसर सबलगढ़ में वातावरण के अनुकूल विभिन्न प्रजातियों के फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया। तत्पश्चात् राजेश जैन प्रथम जिला न्यायाधीश महोदय ने कार्यक्रम में उपस्थित व्यक्तियों को पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने में व्यक्तियों के द्वारा दिए जाने वाले योगदान एवं पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया।

## शास. पी.जी. कॉलेज में रोपे पौधे, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 05 जून।** श्योपुर विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर आज शासकीय स्नातकोत्तर (पी.जी.) महाविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कॉलेज कार्यकारिणी द्वारा एक वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र नेताओं और कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने मिलकर कॉलेज परिसर में विभिन्न प्रजातियों के छायादार और फलदार पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

**एक पेड़ मां के नाम अभियान को बढ़ाया आगे :** विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने कॉलेज परिसर के विभिन्न हिस्सों में नीम, पीपल, आंवला और गुलमोहर जैसे औषधीय और पर्यावरण के अनुकूल पौधे रोपे। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए केवल पौधे लगाना ही काफी नहीं है, बल्कि एक बच्चे की तरह उनकी देखरेख करना और उन्हें पेड़ बनाना हमारी असली जिम्मेदारी है। बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के इस दौर में प्रकृति को बचाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। विद्यार्थी परिषद शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक और पर्यावरणीय दायित्वों को निभाने में हमेशा आगे रहती है।

**कॉलेज अध्यक्ष परिसर को हरा-भरा बनाने का संकल्प :** पौधरोपण के दौरान कॉलेज के प्राध्यापक और भारी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यकारिणी ने कॉलेज प्रशासन के सहयोग से इन पौधों की नियमित सिंचाई और सुरक्षा (ट्री-गार्ड) की व्यवस्था करने की बात कही, ताकि लगाए गए पौधे सुरक्षित रह सकें।




**वृद्धाश्रम में पौधरोपण :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जन शिक्षण संस्थान श्योपुर द्वारा प्रेरणा वृद्धा आश्रम में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वृद्धजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर आश्रम के सचिव धर्मेंद्र शर्मा एवं कार्यक्रम अधिकारी राजेश मीणा ने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सहायक कार्यक्रम अधिकारी कुसुम जादौन, अधीक्षक मनोज वैष्णव सहित आश्रम के वृद्धजन उपस्थित रहे।




**उत्कृष्ट महाविद्यालय में पौधरोपण :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट उमावि कराहल परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक आर.पी. चौहान, महेन्द्रदान सिंह यादव, अरविंद उपाध्याय, फूल सिंह यादव, नेहाल कुशवाह सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




**गुरनावदा में पर्यावरण संगोष्ठी आयोजित, ग्रामीणों ने लिया संरक्षण का संकल्प :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था अजलान सेवा समिति द्वारा ग्राम पंचायत गुरनावदा में पर्यावरण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष राजा खान ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है और इसके लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। इस अवसर पर मोहनलाल जाटव, विष्णु प्रजापति सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**विश्व पर्यावरण दिवस पर व्याख्यान संगोष्ठी आयोजित :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं आदर्श गर्ल्स कॉलेज श्योपुर के संयुक्त तत्वावधान में व्याख्यान संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. ओ.पी. शर्मा ने किया। मुख्य वक्ता प्रो. अजीत सिंह ने पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि प्रो. खेमराज आर्य ने वृक्षारोपण को पर्यावरण संतुलन के लिए आवश्यक बताते हुए विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सीमा चौकसे ने किया तथा प्रो. वेदांकी खंडेलवाल ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. आसिफ कुरैशी, डॉ. राहुल सनिनी, डॉ. योगेश बाथम, डॉ. परवीन वर्मा, प्रो. शालू दुबे सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## खूनी संघर्ष मामले में क्रॉस मामला दर्ज

**श्योपुर, 05 जून।** नंदापुर गांव में दो पक्षों में खूनी संघर्ष, क्रॉस मामला दर्ज (थाना देहात) देहात थाना क्षेत्र के ग्राम नंदापुर में 4 जून की शाम करीब 7:15 बजे पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई, जिसमें पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस केस दर्ज किया है।

**पहला पक्ष:** विष्णु पुत्र रामप्रसाद वैष्णव (उम्र 35 वर्ष) की रिपोर्ट पर आरोपी सत्यनारायण वैष्णव, बनवारी वैष्णव और बृजराज वैष्णव के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला (अपराध क्र. 139/26) दर्ज किया गया है। इसकी विवेचना प्र.आर. दिलीप सिंह कर रहे हैं।

**दूसरा पक्ष:** सत्यनारायण पुत्र सीताराम वैष्णव (उम्र 48 वर्ष) की रिपोर्ट पर आरोपी मुकेश वैष्णव, विष्णु वैष्णव और दुर्गा विजय वैष्णव के खिलाफभी समान धाराओं (अपराध क्र. 140/26) में मामला दर्ज हुआ है। इसकी जांच प्र.आर. अरविंद बघेल को सौंपी गई है।

**अनाज मंडी में सट्टा खिलाते रंगे हाथ पकड़ाया सटोरिया :** बड़ौदा पुलिस ने जुए और सट्टे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है।

कार्रवाई 4 जून की शाम 5:10 बजे अनाज मंडी में नीम के पेड़ के नीचे बड़ौदा पुलिस ने दबिश दी।

आरोपी विनोद पुत्र बिहारीलाल जाटव (उम्र 23 वर्ष, निवासी बड़ी तोड़ी बड़ौदा) को सट्टा खिलाते रंगे हाथों पकड़ा गया।

**बरामदगी:** पुलिस ने मौके से एक सट्टा लिखी पर्ची, एक पेन और ?590 नगद जब्त किए हैं। आरोपी के खिलाफसट्टा एक्ट (अपराध क्र. 112/26) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्र.आर. कैलाश नारायण को सौंपी गई है।

बरगवां में आदिवासी युवक पर लाठी-डंडों से हमला (थाना बरगवां) बरगवां थाना क्षेत्र में एक आदिवासी युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना 4 जून की रात 9:00 बजे स्कूल के पास पहाड़ी बरगवां पर पुरानी रंजिश के चलते यह विवाद हुआ।

**पीड़ित व आरोपी:** फरियादी विनोद पुत्र जगदीश आदिवासी (उम्र 19 वर्ष) पर आरोपी कैलाश, अभिषेक, अवतार, नंदकिशोर एवं तीन अन्य अज्ञात लोगों (निवासी कराहल) ने हमला किया। आरोपियों ने जातिसूचक माहौल में मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने अपराध क्र. 34/26 दर्ज कर मामले की जांच सउनि. नरसिंह मावई को सौंप दी है।

## रहस्यमय ढंग से लापता बिजली कर्मचारी

**ड्यूटी जाने की बात कहकर घर से निकला, फिर नहीं लौटा, पत्नी ने दर्ज कराई गुमशुदगी**

**विजयपुर, 5 जून।** बिजली विभाग में कार्यरत 32 वर्षीय कर्मचारी जनक सिंह कुशवाह रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गए हैं। बताया जा रहा है कि वह 2 जून की शाम करीब 6 बजे ड्यूटी पर जाने की बात कहकर घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। इसके बाद परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर थाना पलेरा टीकमगढ़ में गुमशुदगी दर्ज कराई गई।

पुलिस को दी गई शिकायत में उनकी पत्नी सुमन कुशवाह ने बताया कि वे मूल रूप से मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले के विजयपुर निवासी हैं और वर्तमान में पलेरा के वार्ड क्रमांक 7, नारद गंज मोहल्ले में किराए से रह रहे थे। जनक सिंह बिजली विभाग में कार्यरत हैं। घर से निकलते समय उन्होंने जल्द लौटने की बात कही थी, लेकिन मोबाइल फोन भी घर पर ही छोड़ गए थे।परिजनों ने बिजली कार्यालय, आसपास के क्षेत्रों तथा रिश्तेदारों के यहां तलाश की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। जनक सिंह की उम्र 32 वर्ष, कद लगभग 5 फीट 6 इंच, रंग गेहुआं, सामान्य शरीर और गोल चेहरा है। वह हरे रंग की शर्ट और काले रंग की पैंट पहने हुए थे। उनके बाएं हाथ की हथेली के ऊपर जले का निशान है तथा बाएं कान में बाली पहने हुए हैं। थाना पलेरा पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है तथा लापता युवक की तलाश की जा रही है।

## बिना नंबर के वाहनों पर कार्रवाई, नशे के खात्मे के दिए कड़े निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 05 जून।** श्योपुर जिले की कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल बेहद सख्त रुख में नजर आ रहे हैं। दिनांक 04 जून 2026 को पुलिस कंट्रोल रूम स्थित सभागार में एसपी अग्रवाल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण क्राइम मीटिंग (अपराध समीक्षा बैठक) आयोजित की गई। इस उच्च स्तरीय बैठक में जिले के सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों, अनुविभागीय अधिकारियों और थाना प्रभारियों की उपस्थिति रही, जिन्हें कानून व्यवस्था मजबूत करने और जनता को त्वरित न्याय दिलाने के लिए कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए।



### अपराध मुक्त समाज के लिए पुलिस अधीक्षक के बड़े निर्देश

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल ने जिले की कानून व्यवस्था की गहन समीक्षा की और कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ निम्नलिखित महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए।

**बिना नंबर के वाहनों पर कड़ा एक्शन**

सड़कों पर दौड़ रहे बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों के खिलाफतत्काल प्रभाव से विशेष चेकिंग अभियान चलाकर चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। ऐसे वाहनों का इस्तेमाल अक्सर आपराधिक गतिविधियों में होता है, जिस पर पूरी तरह रोक लगाई जाएगी।

**लंबित मामलों का त्वरित निपटारा**

थानों में लंबे समय से अटके और लंबित पड़े अपराधों का बारीकी से अध्ययन कर उनका शीघ्र अति शीघ्र निराकरण करने को कहा गया, ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके।

**अवैध नशे के खिलाफ सर्जीकल स्ट्राइक:** नशे के अवैध कारोबार, तस्करी और बिक्री करने वाले अपराधियों के विरुद्ध पुलिस को बेहद आक्रामक और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। युवाओं को नशे के जाल से बचाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

**सीएम हेल्पलाइन और जन सुनवाई को प्राथमिकता**

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और जन सुनवाई के माध्यम से आम जनता से प्राप्त होने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए गए। एसपी ने स्पष्ट किया कि इन शिकायतों की जांच कर समय सीमा के भीतर उचित वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**समन्स-वारंट की समय पर तामीली:** न्यायालय द्वारा जारी किए जाने वाले समन्स और वारंटों की तामीली तय समयसीमा के भीतर कराने के कड़े निर्देश दिए गए, ताकि न्यायिक प्रक्रिया में कोई बाधा न आए।

**पुलिस गश्त और मजबूत कानून व्यवस्था-** शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक पुलिस की विजिबिलिटी (सक्रियता) बढ़ाने के लिए गश्त (पेट्रोलिंग) को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। आम नागरिकों में सुरक्षा का भाव पैदा करने और असामाजिक तत्वों में खौफबनाए रखने के लिए कानून व्यवस्था को हर हाल में मजबूत रखा जाएगा।

जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण और अपराधियों में पुलिस का खौफ हमारी पहली प्राथमिकता है। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस अधीक्षक की बैठक में ये अधिकारी रहे मौजूद

इस महत्वपूर्ण क्राइम मीटिंग के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार भूरिया, जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी , सभी थानों के थाना प्रभारी , रक्षित निरीक्षक अखिलेश शर्मा सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी अधिकारियों को इन निर्देशों का जमीनी स्तर पर कड़ाई से पालन करने की शपथ दी गई।


## कार्यालय जनपद पंचायत विजयपुर जिला श्योपुर (म.प्र.)

क्र./ज.पं./स्था./नाव घाट/ 2026/2096 — दिनांक 03-06-2026

### विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि समस्त नाव घाटों का ठेका 2026-27 एक वर्ष 30.06.2027 तक की अवधि के लिए खुले घोस विक्रय के माध्यम से देना है। अत: सभी मान्यता प्राप्त नाव घाट ठेकेदार जिनके पास स्वयं की नाव है प्रतिभूति के साथ समस्त शर्तों की पूर्ति करते हो उक्त ठेका में भाग लेने हेतु आमंत्रित है। ठेका नीलामी दिनांक 10.06.2026 (वार बुधवार) को दोपहर 12:00 बजे से 02:00 बजे तक जनपद पंचायत विजयपुर में की जावेगी। इच्छुक व्यक्ति उक्त दिनांक की नीलामी बोली में भाग ले नीलामी के लिए आवेदन शुल्क रुपये 100.00 कार्यालय में जमा कर प्राप्त करें एवं डिपोजिट राशि 2500.00 रुपये जमा करना अनिवार्य है। अन्य नीलामी की शर्तें कार्यालय में आकर देखी जा सकती है।

**नाव घाटों का विवरण निग्नानुसार है:-**

1. चक दांतेटी घाट, 2. कुवार घाट 3. साड़ सुखवास, 4. रिझेटा,5. जमूदी घाट, 6.कदरतीपुरा घाट, 7 नदीगांव घाट,, 8. लीलोली घाट 9. गऊ घाट, 10. मितनवास घाट 11. चैनपुरा

**नाव घाटों ठेका नीलामी शर्तेः-**

उक्त दिनांक में नीलामी बोली समुचित न आने पर नीलामी की तिथि बढ़ाई जा सकती है। जिसका निर्णय अधोहस्ताक्षरकर्ता का रहेगा। नौका घाट में प्रति व्यक्ति पर रु. 20 एवं 10 रुपये अवस्यक से चार्ज किया जाये।

1. बोली में सम्मिलित होने वाले व्यक्ति को अपना आवेदन पत्र 100/- शुल्क जमा कर बोली में सम्मिलित होने की अनुमति दी जायेगी।
2. प्रत्येक नाव घाट की बोली लगाने से पूर्व बोली की एक/दो (आधी) राशि जमा करनी होगी।
3. सबसे अधिक बोली स्वीकार की जावेगी जमा की गई राशि वापिस नहीं होगी. जिस व्यक्ति के नाम आखरी बोली समाप्त होगी उसे ठेका सम्पूर्ण राशि उसी दिन जमा करनी होगी. जनपद पंचायत द्वारा लिया गया निर्णय ही मान्य होगा.
4. नाव दक्षता से अधिक यात्रियों एवं जानवरों की नहीं ढीना होगा।
5. नाव घाट पर यात्रियों के लिये एक रजिस्टर रखना होगा। जिसमें प्रतिदिन आने वाले यात्रियों की जानकारी पूर्ण पते सहित रखनी होगी।
6. यात्रियों की सुरक्षा हेतु रस्सियों एवं आवश्यक उपकरण रखें जाये ताकि अप्रिय घटना घटित न हो
7. नाव पर शासन द्वारा निषेध कोई वस्तु नही ढोई जावेगी। सूर्योदय से पूर्व एवं सूर्यास्त के पश्चात नाव नहीं चलाई जावेगी. यदि कोई घटना घटित होती है तो ठेकेदार स्वयं जिम्मेदार होगा. इस घटना के लिए शासन द्वारा जो उत्तरदायित्व सौंपा जावेगा। उसे मानना होगा. इस संबंध में कोई सुनवाई नहीं होगी.

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत विजयपुर